<u>कार्यालय जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, मीरजापुर।</u>

<u>निविदा सूचना</u>

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, मीरजापुर के परिसर में स्थित 07 दुकानें पूड़ी, मिठाई, चाय, नमकीन, पान, 03 दुकानें फोटो स्टेट, 01 दुकान फोटोग्राफर, 01 साइकिल स्टैण्ड तथा 01 फल की दुकान की नीलामी वर्ष 2020–2021 के लिए दिनांक 30.03.2020 को सायं 04:00 बजे मीटिंग हाल में होगी। चाय, नमकीन, पूड़ी, मिठाई, फोटो स्टेट एवं साईकिल स्टैण्ड लेने वाले इच्छुक व्यक्ति 10,000/–रू0 एवं फोटोग्राफर, पान की दुकान व फल की दुकान लेने वाले इच्छुक व्यक्ति 5,000/–रू0 की नगद धनराशि दिनांक 27.03.2020 को सायं 04.00 बजे तक नजारत अनुभाग में जमा कर बोली बोल सकते है। बोली नियमानुसार होगी, इसके बारे में जानकारी नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, मीरजापुर से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है। जनपद न्यायाधीश, मीरजापुर को किसी भी बोली को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा।

केन्द्रीय नाजिर को निर्देशित किया जाता है कि इस निविदा सूचना की प्रति जन सामान्य के सूचनार्थ जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, नगर पालिका, न्यायालय, बार एसोसिएसन के नोटिस बोर्ड एवं कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों पर चस्पा करवाना सुनिश्चित करें।

नोट– नीलामी की सबसे अधिक बोली बोलने वाले व्यक्ति के लिए यह अनिवार्य होगा कि उसके द्वारा बोली गयी बोली की पूरी धनराशि का 25 प्रतिशत धनराशि 03 दिन के अन्दर जमा न करने की दशा में उसके द्वारा जमा की गयी सिक्योरिटी की धनराशि स्वतः जब्त हो जायेगी। इस सम्बन्ध में जानकारी नजारत अनुभाग से प्राप्त कर सकते है।

Pandey 18/03/2020	18/03/2020	18/03/2020.
(यज्ञेश चन्द्र पाण्डेय)	(जितेन्द्र मिश्रा)	(अनिल कुमार यादव–I)
सदस्य,	सदस्य,	अध्यक्ष,
अपर जनपद न्यायाधीश/	अपर जनपद न्यायाधीश/	अपर जनपद न्यायाधीश,
त्वरित न्यायालय–द्वितीय,	त्वरित न्यायालय–प्रथम,	न्याय कक्ष सं0–5,
मीरजापुर।	मीरजापुर।	मीरजापुर।